Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to increase the Financial Assistance to beneficiaries of Pradhan Mantri Awas Yojana

माननीय सभापति : श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल जी ।

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन) : माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपके माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मध्य प्रदेश एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है । प्रधानमंत्री आवास योजना में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग राशि का प्रावधान है । जहां ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 1,50,000 रुपये है, वहीं शहरी क्षेत्रों के लिए 2,50,000 रुपये का प्रावधान है । ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन की व्यवस्था लंबी होने की वजह से कई बार सीमेंट, रेत इत्यादि लाने में काफी व्यय हो जाता है, इसलिए 1,50,000 रुपये की राशि कम पड़ती है । शहरी क्षेत्रों के लिए 2,50,000 रुपये की राशि पर्याप्त है । इसमें जो लेबर का पेमेंट होता है, कुछ जगहों पर 18,000 और 20,000 रुपये के आस-पास है । लेबर पेमेंट भी किश्तों के माध्यम से दी जानी चाहिए ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जो 1,50,000 रुपये की राशि का प्रावधान है, उसको बढ़ाकर 2,50,000 रुपये किया जाए । जो लेबर पेमेंट होती है, वह धनराशि भी हितग्राही को किश्तों के रूप में दी जाए ।